# बीकानेर में पानी के लिए हाहाकार, दस दिन बाद मिलेगा नहर का पानी

## टैंकरों के दाम हजार रुपए और कैंपर के 40 रुपए पार पहुंचे

**बीकानेर,** (निसं)। नहरबंदी का पानी मिलने में अभी दस दिन और लगेंगे। जलदाय विभाग ने तीन दिन के अंतराल से पानी देने की व्यवस्था लागू कर दी है। ऐसे में घर-घर में पानी को लेकर परेशानी खड़ी हो गई है। शहर में सड़कों पर हर तरफ पानी की आपूर्ति करने वाले निजी टैंकर घूमते नजर आए । वहीं जलदाय विभाग की ओर से पानी के निःशुल्क टैंकर भी पानी की कमी वाले मोहल्लों में भेजे जा रहे हैं। हालांकि इन सबके बीच, जनता में हाहाकार की स्थिति देखने को मिली, जबकि अभी कम से कम 9 दिन बाकी हैं नहर का पानी पहुंचने में। तब तक क्या हालात होंगे, इसे सोचकर भी सिहरन पैदा हो रही है।

पानी के टैंकर को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तय किए गए रेटों का भी कोई असर नहीं हो रहा। टैंकर संचालक मनमाने रेट वसूल रहे है और पानी की जरूरत पूरी करने के लिए लोग एक हजार रुपए प्रति टैंकर तक के रेट देने को मजबूर हैं। इसी के साथ फिल्टर पानी के कैम्परों के रेट भी करीब दो गुणा हो गए है। बीस रुपए प्रति कैम्पर की दर मिलने वाला अब तीस से चालीस रुपए में मिल रहा है।

जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता बलवीर सिंह ने बताया कि शनिवार को शहर में 60 टैंकरों से करीब 300 फेरे लगाकर निःशुल्क पानी की आपूर्ति की गई। ज्यादा पानी की आवश्यकता जिस क्षेत्र से आती है, वहां टैंकर भेजा जा रहा है। अभी मौजूदा टैंकर कम पड़ने लगे हैं। ऐसे में परिवहन विभाग की मदद से कुछ निजी टैंकरों का अधिग्रहण किया गया है। इनकों पानी की आपूर्ति के लिए लगाया जाएगा। इसके बाद हालात कुछ और ठीक हो जाएंगे।

इधर जिला प्रशासन द्वारा निजी टैंकरों को अधिग्रहण व उनके खिलाफ नियमों की अनदेखी पर कार्यवाही से भी पेयजल की किल्लत में भारी बढोतरी देखी गई है। आमदिनों में सड़कों पर सरपट दौडने वाले निजी टैंकर एकाएक गायब हो जाने से लोगों के सामने मंहगा पानी भी पीना दुश्वार हो गया है।

पानी की किल्लत से अनेक क्षेत्रो में निर्माण कार्य भी बंद होने के कगार पर हैं। या फिर वे चोरी छिपे रात के समय दुगनी चौगनी दरों पर पानी लेने को मजबूर है।

# हैड कांस्टेबल एवं दलाल 5 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

## आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी

**पाटन,** (निसं)। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर सीकर इकाई द्वारा रविवार को कार्यवाही करते हुए कोतवाली थाने के हैड कांस्टेबल अनिल कुमार व उसके दलाल बोदूराम को परिवादी से 5 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार करने का मामला सामने आया है।



हेड कांस्टेबल अनिल यादव



दलाल बोदूराम

- **एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर सीकर इकाई ने की कार्रवाई**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि एसीबी की सीकर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि परिवादी द्वारा दर्ज कराये गये मुकदमे तथा उसके विरूद्ध दर्ज मुकदमे में मदद करने की एवज में नीमकाथाना कोतवाली थाने के हैड कांस्टेबल अनिल कुमार द्वारा उसके दलाल बोदूराम के माध्यम से 10 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी सीकर इकाई के उप अधीक्षक पुलिस जाकिर अख्तर के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर रविवार को पुलिस निरीक्षक सुरेश चंद एवं उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये दलाल बोदूराम को परिवादी से 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी हैड कांस्टेबल अनिल कुमार को भी प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान ही परिवादी से 5 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम. एन. के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# निवाई के गांवों में तेज अंधड़ से उड़े टीनशेड़, कई पेड़ हुए धराशाही

**निवाई,** (निसं)। शनिवार की रात करीब 9 बजे अचानक आए तेज अंधड़ से कई घरों व बाड़ों में लगे टीनशेड उड़ गए एवं सैकडों पेड़ धराशाही हो गए। ग्राम पंचायत ललवाडी के गांव अगरपुरा, संग्रामपुरा व ललवाडी में कच्चे घर और पक्के घरों की दीवारें गिर गई एवं टीनशेड व छप्पर उड़ गए। सरपंच देवालाल गुर्जर ने बताया कि गांव में आए तेज अंधड़ से नीम व बबूल सहित करीब 200 पेड़ गिर गए। कई पशुओं को भी चोटें आई हैं। रविवार को सरपंच मास्टर देवालाल गुर्जर व डीआर नरेश नायक ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी ली व घर-घर सर्वे किया। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के नुकसान हुआ उनकी सूची तैयार की गई है। क्षेत्र में नुकसान की सूचनाप्रशासन को दे दी है।

सरपंच ने बताया कि अंधड से गांव ललवाडी में किशनलाल सैन, कानाराम, भूरालाल माली, किशनसिंह सैन, बन्ने सिंह, गांव संग्रामपुरा में रामकरण बैरवा, हजारी बैरवा, बद्रीलाल बैरवा, सज्जन कंवर, हनुमान सिंह, राजा देवी, मोरेलाल, रामप्यारी देवी, शिवनारायण बैरवा, बुद्धि प्रकाश, नाथूलाल, रामजीलाल, गांव अगरपुरा में हीरा देवी, कंवरपाल रैगर, रामअवतार, छोटूलाल रैगर, गोपीचंद, रामजीलाल, रूपनारायण रैगर, मुकेश रैगर, राजेश, रतनलाल रैगर, प्रभुलाल, रेखा पिंकी रैगर, मोहनलाल, सुगना, रामविलास,



तेज अंधड़ से गिरा छप्पर व फैला मलबा।

शंकरलाल, दामोदर, नारायण, खेमराज, राजेश, धन्नालाल, केदार सैन व चंदालाल के अंधड से नुकसान हुआ है।

# साईकिल चलाकर जयपुर से मालपुरा पहुंचे बोर्ड सचिव केसी मीणा

**मालपुरा,** (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में रविवार को आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बतौर अतिथि के रूप में जैव विविधता बोर्ड के सचिव केसी मीणा 100 किमी. साईकिलिंग कर अविकानगर पहुंचे।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को लेकर नाटक, डांस, कटपूतली नृत्य सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दे आमजन को जागरूक किया। तो संगठन के प्रदेश सचिव केसी मीणा ने टोंक जिले से पहुंचे जैव विविधत्ता समितियों के कार्यकर्ताओं से सीधा-संवाद कर पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। अविकानगर निदेशक डॉ. अरूण

- **जैव विविधत्ता दिवस पर अविकानगर में आयोजित हुआ प्रदेश स्तरीय समारोह**

कुमार तोमर, जिला उपवन संरक्षक एसके रेड्डी ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम का प्रतिवेदन रखा।

अविकानगर के विभिन्न सेक्टरो ने भेड़ बकरी व खरगोश पर किये जा रहै नवीन शोध कार्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवन स्वस्थ मस्तिष्क के लिए साईकिलिंग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने पर जोर दिया।

# रविवार शाम बूंदाबांदी से बदला मौसम

**चूरू,** (कासं)। चूरू में दिनभर की गर्मी के बाद शाम को मात्र दस मिनट की बूंदाबांदी ने मौसम बदला। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को यहां का अधिकतम 43.3 व न्यूनतम 25.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। यहां पर आज सुबह दिन निकलने से लेकर दस बजे तक आसमान में हल्के बादलों की आवाजाही बनी हुयी रहने से धूप का असर कुछ कम दिखाई दिया। इसके बाद शाम को चार बजे से दोबारा आसमान में बादलों की आवाजाही शुरु हो गई। इसके बाद शाम को करीब छः बजकर दस मिनट पर अचानक तेज बूंदाबांदी शुरु हो गयी जो कि करीब दस मिनट तक चली। गत शाम आयी तेज आंधी के बाद से यहां के मौसम में बदलाव आने से तापमान में कुछ गिरावट आने से भीषण गर्मी से कुछ निजात मिल पायी है। रात के समय में भी हवा में हल्की ठंडक रहने से रात को गर्मी से कुछ राहत मिली रही।

# कार चट्टान से टकराई, एक की मौत, छह घायल

**पिंडवाड़ा,** (नि.सं.)। पिंडवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के उदयपुर फोरलेन हाईवे मार्ग पर कांटल गांव के पास मारुति कार का आगे का टायर फट जाने से कार असंतुलित होकर पास के चट्टान से टकराकर सड़क पलटी खाने से कार में सवार एक मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं 6 जने गंभीर घायलहो गये।

- **उदयपुर फोरलेन हाइवे पर कार का टायर फट जाने से हुआ हादसा**

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुजरात डीसा शहर मेंचंद्रलोक सोसाइटी में रहने वाले दोमोदी परिवार रवि भाई पुत्र विजय भाई पत्नी सैफाली व पुत्री इयांसी व अपने मित्र अर्पित भाई पुत्र नीलेश भाई उसकी पत्नीभाग्य श्री व पुत्रीअंशी व पुत्र पर्व सहित सात जने स्विफ्ट कार में गुजरात डीसा से उदयपुर यात्रा के लिए निकले थे वही यात्रा पूरी करके वापस उदयपुर से हाईवे फोरलेन मार्ग से अपने घर की ओर जा रहे थे रविवार 5:30 बजे करीब कांटल गांव के पास पहुंचे थे कि अचानक स्विफ्ट कार का आगे का टायर फट गया और असंतुलित होकर पास के चट्टान से टकरा गई जिसके बाद सड़क पर आकर पलटी खा जाए इस दुर्घटना के दौरान कार में से रवि और उसकी पुत्री इयांशी सड़क पर गिर गए बाकी कार में रह गए इस दुर्घटना में गंभीर सभी घायल हो गए वही पास से गुजर रहे लोगों ने अपने वाहन को रोककर घायलों को कार से बाहर निकालने के प्रयास किए। पुलिस जाब्ता घटनास्थल पर पहुंच कर लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाल निकाला इस दुर्घटना में 3 वर्षीय बच्ची की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

# नाबालिग को कमरे पर बुलाकर रेप किया

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के एक थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने किशोरी को फोन करके अपने कमरे पर बुलाया और फिर उसके साथ रेप किया। पीड़िता के परिजनों ने गोलुवाला थाने में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित रेप की धाराओं में मामला दर्ज कर उसे राउंडअप किया है और उससे पूछताछ में जुटी है। थानाधिकारी भजनलाल ने बताया कि पीड़िता के परिजनों से थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि बृजेश पुत्र राजेश ने उनकी नाबालिग बेटी को 20 मई को फोन करके कमरे पर बुलाया। जब उसकी बेटी कमरे पर गई तो आरोपी ने उसके साथ रेप किया। तबीयत बिगड़ने पर उसने अपनी मां को आप बीती बताई तो परिजन उसने इलाज के लिए श्रीगंगानगर अस्पताल ले गए। पुलिस ने पर्चा बयान लेने के बाद केस दर्ज कर आरोपी को राउंडअप कर लिया। पुलिस ने बताया कि नाबालिग का परिवार यूपी से मजदूरी करने यहां आया हुआ है।

# विरमगुडा से वाया देवगढ़ - नीमझर सड़क को मिली स्वीकृति

**राजसमंद,** (निसं)। मौजूदा वित्तीय वर्ष के राजस्थान सरकार के आम बजट में इस बार फलोदी से माण्डल मार्ग के अधूरे सड़क के सुदृढ़ीकरण व चौडाई कार्य जो की लगभग 25 किलोमीटर का क्षेत्र है। जिसमें वीरम गुढा से वाया कामलीघाट- देवगढ़ -निमझर की घोषणा हुई थी। जिसकी अनुमानित लागत 25 करोड़ रुपये है, इसके पश्चात बजट के द्वितीय फेज में मादडी-आमेट-देवगढ़ -लसानी-40 मिल चौराया जिसकी 25 किलोमीटर की लम्बाई व अनुमानित लागत 23 करोड रुपये है उसकी प्रशाशनिक व वित्तीय स्वीकृति भी मिल गई है।

विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने बताया कि यह मार्ग जो कि मेवाड-मारवाड को जोड़ने का मुख्य मार्ग है एवं स्टेट हाइवे 61 के नाम है, पिछले कई वर्षों से अधूरा पडा था। इसके साथ ही मादडी चौराया से देवगढ़ होते हुए लसानी मार्ग से 40 मिल चौराया सडक जो प्रस्तावित थी जिसकी सुध पूर्व की सरकार ने नहीं ली। लेकिन जनप्रतिनिधी होने के नाते मेने स्वंय आमजन को इन मार्गो से गुजरने पर होने वाली

- **पाली व भीलवाड़ा जिले की बॉर्डर की होगी कनेक्टिविटी**

समस्याओं को देखते एवं इस मार्ग की दुर्दशा को देख लोगों की मांग पर इस कार्य को बजट सत्र में सदन के पटल पर रख इस कार्य को जल्द पूर्ण करवाने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसे जायज मानते हुए तुरन्त ही स्वीकृत किया। साथ ही हमें इस बात की खुशी है कि इसकी प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति भी हाल ही में जारी कर दी गयी है जिससे अब इस मार्ग के अधूरे पडे कार्य को पूरा होने में ज्यादा समय नही लगेगा।

इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को निश्चित तौर पर यात्रा करने में सुगमता के साथ व्यवसायिक गतिविधियों में भी इस मार्ग के कार्य पुर्ण होने पर इजाफा होगा। इस वीरम गुढा से निमझर सडक के निर्माण से पाली जिले की सरहद से राजसमन्द होते हुए भीलवाड़ा जिले को जोडा जा सकेगा। इसके साथ साथ यह घोषणा एक ऐतिहासिक पल है जब किसी मुख्यमंत्री द्वारा एक ही बजट में 1 विधानसभा क्षेत्र को 2 लम्बी सडकें बजट में दी गयी है। विधायक सुदर्शन सिंह रावत के प्रयासों से सडकों के जाल बिछाने में कोई कसर नही रखी, गोमती से ब्यावर के राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 8 के पिछले 7 साल से अधूरे पड़े फोरलेन को भी पूरा करवाने के लिए पिछले साल विधायक रावत ने अधूरे मार्ग की पदयात्रा निकाली। जिसके फलस्वरूप केन्द्र सरकार ने इसकों स्वीकृत करते हुए कार्य भी शुरू कर दिया गया। हाल ही में डीएमएफटी द्वारा भी क्षेत्र में तकरीबन 100 से अधिक सड़कों को बनाने के प्रस्ताव ले उनकी स्वीकृतियां जारी हुई है और जो पेचेबल या रिपेयरेबल सडके है उनको भी पूरा किया जाना है।

इस मामले में विधायक सुदर्शनसिंह रावत का कहना है कि पिछले सात दशकों में जो सड़क मार्ग को लेकर कार्य नही हो पाए वह सभी कार्य मौजूदा कार्यकाल में हो रहे है। इस क्षेत्र के लिए यह अपनेआप में एक स्वर्णिम दौर है। क्षेत्र की जनता को इस आवागमन की समस्या से जल्द निजात मिल पाएगी।

# हरिद्वार इंटरसिटी कल से भुच्चो में रुकेगी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। पंजाब के भुचो स्टेशन पर गाड़ियों के ठहराव की मांग के चलते रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए श्रीगंगानगर-हरिद्वार इण्टरसिटी और अम्बाला-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस को छह माह की अवधि के

- **अंबाला-श्रीगंगानगर को भी मिला ठहराव**

लिए प्रायोगिक आधार पर ठहराव देने का निर्णय लिया है।

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताता कि गाड़ी संख्या 14711 हरिद्वार-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस भूचू स्टेशन पर 24 मई से 09.24 बजे पहुंचेगी, जबकि 14712 श्रीगंगानगर-हरिद्वार एक्सप्रेस 24 मई से दोनों दिशाओं में एक मिनट के ठहराव के लिए 06.48 बजे वहां पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 14736 अम्बाला-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस 24 मई से सुबह 10.21 बजे भुचो स्टेशन पर एक मिनट के ठहराव के लिए पहुंचेगी।

# बहरोड़ में पार्षद का परिवार कर रहा विद्युत चोरी



महिला पार्षद का मकान जहां लाइन से डायरेक्ट कनेक्शन ले रखा है।

**बहरोड़/ नीमराना,** (निसं)। बहरोड़ विधायक बलजीत यादव द्वारा चलाए जा रहे अभियान जिसमें भ्रष्टाचार पकड़ने पर 51 हजार रुपए के दो इनाम दिए जा चुके हैं।

इस अभियान के खिलाफ एक मामला सामने आया है जिसमें पार्षद परिवार द्वारा इस मुहिम के विपरीत विद्युत चोरी कहें या भ्रष्टाचार की घटना सामने आई है। जिसमें एक महिला पार्षद का परिवार विद्युत निगम के लाइन से डायरेक्ट कनेक्शन तार जोड़कर लंबे समय से विद्युत चोरी कर रहा है।

विद्युत वितरण निगम जयपुर, राजस्थान को 20 मई 2022 को सुबह 5:30 बजे की घटना के बारे में मय सबूत फोटो व वीडियो से अवगत कराने के बाद शिकायत दर्ज नम्बर जारी किया जा चुका है। यह बिजली चोरी का लगा हुआ तार बहरोड़ के गर्ल्स स्कूल के पास प्रधान प्लाजा के सामने कविता सैनी नगर पालिका पार्षद वार्ड नंबर 7 के मकान पर है। जिसकी सूचना विधायक बलजीत यादव द्वारा चलाए जा रहे भ्रष्टाचार सूचना व्हाट्सएप नंबर भी कल भेजी जा चुकी है।

# मात्र 17 मिनट में बने जीवन के हम सफर



निवाई गंगा गार्डन में आयोजित शादी में मौजूद दुल्हा-दुल्हन।

**निवाई,** (निसं)। स्थानीय गंगा गार्डन में रविवार को एक शादी बिना दहेज के केवल 17 मिनट में सम्पन्न हो गई। दूनी के एक युवक ने अनोखी शादी रचाई है। संत रामपाल महाराज के अनुयायी हितेश पुत्र महावीर निवासी दूनी ने कृष्णा पुत्री श्यामलाल नायक निवासी अलीगढ़ से अनोखी शादी की है।

शादी में किसी भी प्रकार का दिखावा नहीं किया गया और ना ही किसी भी प्रकार का दहेज लिया गया है। यह शादी मात्र 17 मिनट में रमैनी पद्धति से सम्पन्न हुई। संत रामपाल महाराज के अनुयायी हितेश नायक ने बताया कि संत

- **दोनों के परिजन व संत के अनुयायी रहे मौजूद**

रामपाल से प्रेरित होकर उन्होंने यह शादी की है। उन्होंने बताया कि संत रामपाल महाराज का न्यू मिशन है कि भारत देश को दहेज मुक्त बनाना है। इसी को ध्यान में रखकर दोनों परिवारों की रजामंदी से बिना किसी दहेज और दिखावे के शादी सम्पन्न की गई है। इस अवसर पर बिना बारात के दोनों परिवारों के परिजन व संत रामपाल के अनुयार्यी उपस्थित थे। इस शादी की चारों और चर्चा है।

# नागौर जिले के बोरावड से भक्त दण्डवत करते पहुंचा रींगस भैंरोजी धाम

**रींगस,** (निसं)। नागौर जिले के मकराना से सटे बोरावड से एक भक्त अपने साथियों के साथ दण्डवत करते हुए शनिवार रात को भैरोजी धाम पहुंचे। बोरावड से रींगस की दूरी लगभग 140 किमी मीटर है जिसे दण्डवत करने में करीब दो माह का समय लगा । आज मंगला आरती में भैरोजी महाराज की पूजा अर्चना कर घर को रवाना हो गये।

- **लगभग 140 किमी दूरी दो माह में दण्डवत कर पूरी की**

भैरोजी के अटूट भक्त दुर्गा प्रसाद मेघवाल पुत्र ओमप्रकाश मेघवाल ने बताया कि वे बचपन से ही भैरोजी महाराज की भक्ति करते हैं। उनके मन में आया की सबसे बडे धाम रींगस में दण्डवत करते हुए पहुंचे। यह बात उसने अपने नौ अन्य साथियों को बताई। इसके बाद वे दो दरी लेकर दण्डवत करते हुए बोरावड से 23 मार्च को रवाना हो गये। दुर्गा प्रसाद मेघवाल अपने साथियो के साथ करीब आठ बजे शनिवार को रींगस पहुचे।

# अलवर पुलिस ने 10 करोड़ का आईपीएल सट्टा पकड़ा

## लग्जरी कारों में चलने वाले 4 सटोरिए दिल्ली से, एक अलवर से गिरफ्तार

**अलवर,** (निसं)। आईपीएल के सीजन में करोड़ों रुपए सट्टे से कमाने वाले 5 बड़े सटोरियों को अलवर पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसमें 4 सटोरियों को दिल्ली से पकड़ा है। एक बिचौलिया अलवर के एनईबी का निवासी हैं। जिनके पास 3 लाख 10 हजार रुपए नकद , 30 मोबाइल व 3 लग्जरी कारें मिली हैं। बाकी लैपटॉप, चार्जर,राउटर सहित अन्य सामान जब्त किया है। खास बात ये है कि 5 में से 4 सटोरिए अलवर के हैं। जो दिल्ली में सट्टा चलाने के लिए वहां किराए पर रहते थे।

डीएसपी आदित्य पूनिया ने बताया कि परिवादी ने 21 मई को रिपोर्ट दी थी कि अलवर का हितेश नाम का व्यक्ति आईपीएल में सट्टा लगवाता है। उसने मुझसे 10 हजार रुपए लिए। दो मोबाइल नंबर 7701816973 व 6376612510 दिए। यह कहा था कि शाम के समय दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल कर सट्टे लगा लेना। लेकिन, शाम को कॉल किया तो इन नंबर पर बात नहीं हो सकी। इसके बाद परिवादी ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने पहले अलवर के एनईबी निवासी हितेश अग्रवाल को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के आधार पर पुलिस दिल्ली के द्वारका तक पहुंच गई। इसके



अलवर पुलिस ने डीएसपी पूनियां के निर्देशन में कार्रवाई कर आरोपियों को पकड़ा।

- **5 में से 4 सटोरिए अलवर के हैं जो दिल्ली में किराए पर रहते थे**
- **सटोरिए एक सीजन में करीब 5 करोड़ रुपए सट्टे से कमाई करते हैं**
- **पुलिस को 12 रजिस्टर मिले हैं उनमें करीब 10 करोड़ रुपए का हिसाब है**

बाद पुलिस ने द्वारका से चार बडे सटोरियों को गिरफ्तार किया। जो दिल्ली में बैठकर सट्टा लगवाते हैं। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार ये सटोरिए एक सीजन में करीब 5 करोड़ रुपए सट्टे से कमाई करते हैं। इन पांच में एक दिल्ली का रहने वाला है। बाकी चार अलवर के हैं जो दिल्ली में रहकर सट्टा लगाते थे।

पुलिस को इन आरोपियों से 12 रजिस्टर मिले हैं। उनमें करीब 10 करोड रुपए का हिसाब मिला है। यह हिसाब आईपीएल के क्रिकेट मैच पर लगने वाले सट्टे का हिसाब है। इसके अलावा 3 लग्जरी कार मिली हैं।

देवेश भारद्वाज पुत्र रामचरण भारद्वाज निवासी मकान नंबर 43 भारत टाकीज के पीछे हाल फ्लैट नंबर 76 सेक्टर 10 द्वारका नई दिल्ली, चक्षु गर्ग पुत्र प्रदीप कुमार गर्ग मकान नंबर 49, रामनगर कॉलोनी 200 फीट रोड अलवर हाल फ्लैट नंबर 302 बजगेडा द्वारका दिल्ली, विक्रांत खंडेलवाल पुत्र जितेंद्र मोहन गुप्ता निवासी हाकीमजी की गली अलवर हाल मकान नंबर सी 28 राधेपुरी जगतपुरी दिल्ली, रोहित यादव पुत्र संजीव यादव निवासी मकान नंबर 180 वजीरपुर अशोक विहार दिल्ली हाल फ्लैट नंबर 303 न्यू पालम विहार सेक्टर 25, हितेश अग्रवाल पुत्र अशोक अग्रवाल एनईबी हाउसिंग बोर्ड को गिरफ्तार किया है।